# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

अपील संख्या :–2305/2016

राधेश्याम शर्मा –अपीलार्थी

बनाम

1. निदेशक/आयुक्त, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग, ज्योति नगर, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग, रिजनल आफिस भरतपुर।
4. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, पंचायत समिति, खण्डार, जिला सवाईमाधोपुर।

–प्रत्यर्थीगण

आदेश की दिनांक : 12.07.2024

उपस्थित –

अपीलार्थी की ओर से : कोई उपस्थित नहीं

प्रत्यर्थी विभाग की ओर से : कोई उपस्थित नहीं

समक्ष :– अनन्त भण्डारी, सदस्य (न्यायिक)

चेतन राम देवड़ा, सदस्य

## आदेश

1. इस अपील में अपीलार्थी ने आदेश दिनांक 10.06.2016 (अनुलग्नक–3) को चुनौती दी है, जिसके द्वारा पेंशन विभाग द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित कर अपीलार्थी के सम्बन्ध में निम्न प्रकार से निर्देश दिये गये है :–

> ''2. कर्मचारी की चयन तिथि 14.06.1985 है। अतः वित्त विभाग के आदेश दिनांक 18.11.2010 के अनुसार कर्मचारी को 27 वर्षीय एसीपी दिनांक 14.06.2012 से देय हैं, जबकि कर्मचारी को उक्त लाभ दिनांक 01.07.2007 से दिया गया है। अतः नियमों का पुनरावलोकन कर वेतन संशोधन कर, अधिक भुगतान की वसूली जमा करा कर तद्नुसार प्रकरण भिजवा दें।''

2. अपीलार्थी का कथन है कि अपीलार्थी से उसकी सेवानिवृति से ठीक पूर्व वसूली किये जाने के आदेश दिये गये हैं, जो उचित नहीं है। अपीलार्थी को उसकी प्रथम नियुक्ति की दिनांक से चयनित वेतनमान का लाभ दिया गया था, जो उचित था। अपीलार्थी की प्रथम नियुक्ति की दिनांक 08.02.1980 मानते हुए 9, 18 एवं 27 वर्षीय चयनित वेतनमान का लाभ दिया गया था, जो सही दिया गया था। पेंशन विभाग द्वारा अपीलार्थी की प्रथम नियुक्ति की दिनांक 08.02.1980 न मानकर दिनांक 14.06.1985 मानी जा रही है, जो उचित नहीं है और इस आधार पर अपीलार्थी के विरूद्ध गलत प्रकार से वसूली के आदेश पारित किये गये हैं। अपीलार्थी की ओर से यह भी तर्क रहा है कि आदेश दिनांक 05.03.1999 के द्वारा अपीलार्थी को प्रथम नियुक्ति की दिनांक 08.02.1980 से नियमित किया गया था। ऐसे में अपीलार्थी उसी दिनांक से

